आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-99 कटनी ● बुधवार, 12 मई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष -प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## बुलंदशहर की कंपनी बनाएगी कोवैक्सीन



संकट को अब भारत बायोटेक द्वारा निर्मित कोवैक्सीन को अब बुलंदशहर स्थित कंपनी बिबकोल भी बनाएगी। यहां हर माह कोवैक्सीन की 10 लाख डोज का निर्माण किया जाएगा। इस बात की पुष्टि बिबकोल के जनरल मैनेजर/कंपनी सेक्रेटरी संदीप कुमार लाल ने की। उन्होंने बताया कि यहां हर माह एक मिलियन डोज का उत्पादन होगा। ऑर्डर मिलते ही उत्पादन का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## सरकार किसानों के खाते में डालेगी 2 हजार




भारत के किसानों की समस्या किसी से छुपी नहीं है। सरकार किसानों की दिक्कतों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कोरोना काल में लगभग हर किसी की आर्थिक स्थिति बिगड़ी है। इसके मद्देनजर सरकार ने आर्थिक पैकेज की भी घोषणा की है। लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार कई योजनाएं भी चला रही है।

पॉजिटिव खबर

## डॉक्टर जोड़े का अनूठा अभियान, ठीक हो चुके मरीजों से इकट्ठी कर रहे दवाइयां



**मुंबई।** कोरोनाकाल के दौरान रेमडेसिविर या दूसरी दवाओं की कालाबाजारी की कई खबरें सुनने में आईं लेकिन मुंबई में एक डॉक्टर जोड़े ने एक ऐसा काम कर दिखाया है, जिससे कोरोना के दूसरे मरीजों को बहुत मदद मिल सकती है। दरअसल, कफ परेड में रहने वाले इस जोड़े ने कोरोना से ठीक हुए मरीजों के पास से वो दवाएं एकत्रित कर ली हैं, जिनका इस्तेमाल नहीं हुआ है।एपिछले 10 दिन में इस जोड़े ने कोरोना वायरस की 20 किलो दवा एकत्रित की है। ये दवाएं देश के ग्रामीण इलाकों में मौजूद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को दी जाएंगी ताकि कोरोना वायरस की चपेट में आए वंचित और गरीब लोगों को इलाज के लिए मुफ्त में दवाएं मिल सके। एक मई को डॉक्टर मार्कस रैने और उनकी पत्नी डॉ. रैना ने एक कार्यक्रम की शुरुआत की। जिसके तहत उन्होंने कोरोना से ठीक हो गए मरीजों से वो दवाएं वापस ले ली, जिनका इस्तेमाल नहीं हुआ। अबतक 100 बिल्डिंग के निवासी अपनी अप्रयुक्त दवाएं दे चुके हैं।

# बच्चों को टीके की बारी

## 2-18 आयु वर्ग पर ट्रायल की भारत बायोटेक को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर की तबाही जारी है। इस बीच, महामारी की तीसरी लहर को लेकर चेतावनी जारी की गई है, जिसमें सबसे अधिक बच्चों के संक्रमित होने की आशंका जताई गई है। इसे देखते हुए बड़ा कदम उठाया गया है। एक विशेषज्ञ समिति ने मंगलवार को 2 से 18 आयुवर्ग के लिए भारत बायोटेक के कोविड वैक्सीन के दूसरे/तीसरे चरण के लिए परीक्षण की सिफारिश की थी, जिसे भारत सरकार ने मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कोरोना वैक्सीन से जुड़ी सब्जेक्ट एक्सपर्ट कमेटी

पॉजिटिव खबर




(एसईसी) ने मंगलवार को सिफारिश की थी कि भारत बायोटेक की कोवैक्सीन के दूससे और तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल को मंजूरी देनी चाहिए, जोकि 2 से 18 साल तक के बच्चों पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह परीक्षण दिल्ली व पटना के एम्स और नागपुर स्थित मेडिट्रिना चिकित्सा विज्ञान संस्थान समेत विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। बता दें कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की कोविड-19 विषय विशेषज्ञ समिति ने मंगलवार को भारत बायोटेक द्वारा किए गए उस आवेदन पर विचार-विमर्श किया, जिसमें उसके कोवैक्सीन टीके की दो साल से 18 साल के बच्चों में सुरक्षा और रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने समेत अन्य चीजों का आकलन करने के लिए परीक्षण के दूसरे/तीसरे चरण की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था।

पॉजिटिव खबर

## नवजात को जन्म होते संक्रमण, महज पांच दिन में मासूम ने दी महामारी को मात



**पटना।** जो लोग कोरोना संक्रमण को लेकर डरे, सहमे और मन में घबराहट पाले हुए हैं उन्हें एक नन्ही बच्ची से प्रेरणा लेनी चाहिए। दुनिया में आते ही नवजात कोरोना की चपेट में आ गई, लेकिन उसने पांच दिन के भीतर ही महामारी को मात देकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। पटना में एक कोरोना संक्रमित मां ने 8 महीने में बच्ची को जन्म दिया। वह नवजात भी कोरोना पॉजिटिव हो गई, लेकिन पांच दिन के भीतर ही बच्ची ने कोरोना को मात देकर खिलखिला उठी। नवजात की रिपोर्ट अब निगेटिव है, और वह नानी की गोद में खेल रही है। हालांकि, मां अब भी पॉजिटिव है, पटना के एम्स अस्पताल में उनका इलाज जारी है। दरअसल, मुगलसराय के आनंद शर्मा की पत्नी संगीता शर्मा गर्भवती थीं।लेकिन उसे सर्दी, जुकाम और बुखार आने लगा। डॉक्टरों की सलाह पर संगीता का इलाज घर पर शुरू हुआ। पर ठीक होने के बजाए उसकी तबीयत और बिगड़ती गई। तत्काल प्रभाव से उसे आरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## क्विक अपडेट



### केमिकल फैक्टरी में लगी भीषण आग, हो रहे धमाके

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में बुलंदशहर रोड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में एक केमिकल फैक्टरी में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने एक अन्य फैक्टरी को भी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि आग से केमिकल के ड्रम फट रहे हैं। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची है। जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह कविनगर थाना इलाके में बुलंदशहर रोड स्थित स्न-23 मिथाइल पिगमेंट फैक्टरी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग फैलती गई और पास की दो अन्य फैक्टरियों को भी चपेट में ले लिया है।

### वरिष्ठ पत्रकार शिव अनुराग पटेरिया का कोरोना से निधन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के जाने-माने पत्रकार शिव अनुराग पटेरिया का कोरोना संक्रमण की वजह से निधन हो गया। उनका इलाज इंदौर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। जानकारी के मुताबिक लगातार उनका आक्सीजन लेवल बहुत कम हो गया था, इसी दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। उनके निधन की खबर आते ही पत्रकारिता जगत में शोक की लहर छा गई है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर कहा, वरिष्ठ पत्रकार शिव अनुराग पटेरिया जी के निधन से पत्रकारिता जगत में एक बड़ा शून्य पैदा हुआ है।


### कोरोना के बाद ब्लैक फंगस का कहर

**मुबई।** महाराष्ट्र में कोरोना की दूसरी लहर ने जमकर तबाही मचाई है। पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र देश का सबसे ज्यादा कोरोना संक्रमण वाला राज्य रहा है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से यहां कोरोना के मामलों में कमी आई है, पर इसके साथ ही भयावह रोग म्यूकॉरमायकोसिस यानि ब्लैक फंगस तेजी से बढ़ रहा है। राज्य में अब तक दो हजार लोग ब्लैक फंगस की चपेट में आ चुके हैं। इनमें से 8 लोगों की जान जा चुकी है। मरीज कोरोना संक्रमण से ठीक होने के बाद ब्लैक फंगस की चपेट में आ रहे हैं।




## कोरानो के साथ मंहगाई से जंग

# 100 पार हुआ पेट्रोल



**नई दिल्ली।** सदेश में कोरोना महामारी की बेकाबू दूसरी लहर के बीच पेट्रोल-डीजल के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। पेट्रोल और डीजल की आसमान छूती कीमतों पर अब कोई नियंत्रण नहीं हैं। देश के कई शहरों में एक लीटर पेट्रोल के लिए ग्राहकों को 100 रुपये से ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से आज पेट्रोल की कीमत 22 से 25 पैसे तक बढ़ी है। वहीं डीजल की कीमत भी 24 से 27 पैसे तक बढ़ी है। बात अगर मध्यप्रदेश की करें, तो राजधानी भोपाल में, इंदौर में, अनूपपुर में और रीवा में पेट्रोल ने शतक पूरा कर लिया है। इसके अलावा राजस्थान के श्रीगंगानगर में भी तेल 100 रुपये के पार है।

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 100.08 रुपये | 90.05 रुपये |
| इंदौर | 100.16 रुपये | 91.04 रुपये |
| रीवा | 102.30 रुपये | 92.73 रुपये |
| अनूपपुर | 102.66 रुपये | 93.33 रुपये |
| श्रीगंगानगर | 102.96 रुपये | 95.33 रुपये |



बता दें कि प्रतिदिन सुबह छह बजे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में

# वैज्ञानिक का दावा-कोरोना दूसरी लहर की रफ्तार धीमी पड़ी, पर जुलाई तक रहेगा असर

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर का कहर जारी है। प्रतिदिन लाखों लोग महामारी की चपेट में आ रहे हैं और हजारों लोगों की जान जा रही है। वहीं पिछले तीन दिन से लगातार कोरोना के दैनिक नए मरीजों की संख्या में कमी देखी जा रही है। इस बीच, प्रतिष्ठित विषाणु विज्ञानी शाहिद जमील ने मंगलवार को कहा कि भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर धीमी पड़ती हुई लग रही है, लेकिन संभवत: यह पहली लहर से ज्यादा लंबी चलेगी और जुलाई तक जारी रह सकती है।जमील अशोक विश्वविद्यालय में त्रिवेदी स्कूल ऑफ बायोसाइंस के निदेशक हैं। जमील ने कहा कि कोविड की दूसरी लहर अपने चरम पर पहुंच गइ है, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी। एक अंग्रेजी समाचार पत्र के ऑनलाइन कार्यक्रम में जमील ने कहा कि संक्रमण के मामले भले ही कम हो गए हों, लेकिन बाद की स्थिति भी आसान नहीं होने वाली। संभवत: यह ज्यादा लंबी चलेगी और जुलाई तक जारी रह सकती है। इसका अर्थ यह हुआ कि मामलों में कमी आने के बावजूद हमें रोजाना बड़ी संख्या में संक्रमण से निपटना होगा।



वैज्ञानिक के अनुसार, कोविड-19 की दूसरी लहर में मामले पहली लहर की तरह आसानी से कम नहीं होंगे। जमील ने बताया, पहली लहर में हमने देखा कि मामलों में सतत कमी आ रही थी, लेकिन याद रखें कि इस साल हमारे यहां संक्रमित लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। 96,000 या 97,000 मामलों की जगह इस बार हमारे यहां एक दिन में 4,00,000 से अधिक मामले आए हैं। इसलिए इसमें लंबा वक्त लगेगा। उनके विचार में भारत में मृत्यु दर के आंकड़े पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा किसी व्यक्ति, समूह या राज्य की गलत मंशा के कारण नहीं है। बल्कि हम जिस तरह से रिकॉर्ड रखते हैं, यह उसके कारण है।

### भारत के लोगों ने खुद बुलाया कोरोना

भारत में दूसरी लहर क्यों आई इस पर चर्चा करते हुए जमील ने कहा, लगातार कहा जा रहा था कि भारत कुछ खास है और यहां के लोगों में विशेष रोग प्रतिरोधक क्षमता है। आपको पता है, बचपन में हमें बीसीजी का टीका लगा था। हमें मलेरिया होता है। इस तरह तमाम तर्क आते रहे हैं। बीसीजी का टीका क्षयरोग (टीबी) से बचाव के लिए लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि लोगों ने कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन ना करके संक्रमण को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि दिसंबर आते-आते मामले कम होने लगे, हमें (रोग प्रतिरोधक क्षमता पर) यकीन होने लगा। जनवरी, फरवरी में कई शादियां हुईं, जिनमें लोगों ने हिस्सा लिया। ऐसे आयोजन हुए, जिनसे संक्रमण तेजी से फैला। उन्होंने चुनावी रैलियों, धार्मिक आयोजनों को भी इस श्रेणी में रखा।

## कानपुर में लोगों की मजबूरी का असंवेदनीय फायदा, कर्मचारी बोले उपर देना पड़ता है


# शर्मनाक दो हजार में शव को कंधा, एक हजार में मुंह दिखाई

**कानपुर।** कोरोना महामारी के दौर में हैलट के कर्मचारियों ने भी लोगों की मजबूरी का फायदा उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। हैलट के कोविड अस्पताल में भर्ती मरीज की मौत के बाद उसे कंधा देने और आखिरी बार मुंह दिखाने तक के रेट तय कर दिए हैं। आपदा में अवसर तलाशने वाले ये कर्मचारी चार कंधे देने के लिए दो हजार रुपये और मुंह दिखाई के एक हजार रुपये वसूल रहे हैं। रहन सहन का अंदाजा लगाकर इस वसूली का रेट घटता बढ़ता रहता है। कर्मचारी बाकायदा मोल भाव करते हैं। एक एंबुलेंस में कई शव जाने की दशा में शव ऊपर रखने का अलग से पैसा है। शव को उठाने के लिए मोल भाव का दृश्य हैलट की कोविड मोर्चरी में कभी भी देखा जा सकता है। शव को मोर्चरी से एंबुलेंस तक पहुंचाने के नाम पर 500 रुपये प्रति कर्मचारी की दर से मांग की जाती है। कोई नियम कानून की बात करता है या रुपये देने में आनाकानी करता है तो उसे कोविड प्रोटोकॉल का हवाला देकर दूर रखा जाता है। जिसने कर्मचारियों की जेब गर्म कर दी, उसे शव पर फूल माला चढ़ाने तक की अनुमति मिल जाती है। बाकायदा शव को छू सकते हैं। फोटो खींच सकते हैं। इस तरह से हैलट के चार-पांच कर्मचारी प्रतिदिन 30 से 40 हजार रुपये कमा रहे हैं। बिधूना, औरैया निवासी बाबू राम का निधन नौ मई को कोरोना से हुआ था। 10 मई की सुबह शव को अंतिम संस्कार के लिए भैरो घाट भेजा जाना था। परिजनों ने शव के अंतिम दर्शन कराने की गुहार लगाई। एक कर्मचारी ने दया भाव से कहा, परेशान न हों सब करा देंगे। चार कंधे भी देंगे। मगर कुछ खर्च कर देना। रिश्तेदार ने पूछा कितना देना होगा। बताया गया कि कंधा देने वालों को 500-500 रुपये और मुंह दिखाने वाले को एक हजार रुपये देने होंगे।



# लगातार तीसरे दिन एक्टिव केस में कमी लेकिन मौतें बढ़ीं

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार तीसरे दिन कमी देखने को मिली है। मार्च के पहले सप्ताह के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि लगातार 3 दिन कोरोना संक्रमण के नए मामलों में कमी दर्ज की गई हो। जानकारों के मुताबिक बीते सात दिन के औसत को देखें तो ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर अपने पीक को पार कर चुकी है। हालांकि बीते 24 घंटे के अंदर कोरोना संक्रमण से रिकॉर्ड अब तक के सबसे अधिक 4205 लोगों ने दम तोड़ा है।



स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के कुल 3,29,992 नए संक्रमित पाए गए। वहीं इस दौरान संक्रमण मुक्त होने वाले मरीजों की संख्या संख्या 3,56,082 रही। इस तरह सक्रिय मरीजों की संख्या में दो माह के बाद कमी देखी गई है। दूसरी लहर में एक दिन में सबसे अधिक 4,14,188 नए मामले 7 मई को आए थे, उसके बाद कोरोना संक्रमण के नए केस में लगातार कमी देखी जा रही है। आठ मई को 4,01,078, नौ मई को 4,03,738 और 10 मई को 3,66,161 नए मामले पाए गए।

## इमरान ने फिर अलापा कश्मीर राग

**कराची।** कोरोना वायरस और आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर कश्मीर राग अलापा। प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को कहा कि जब तक नई दिल्ली जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द करने के निर्णय को वापस नहीं लेता है, तब तक पाकिस्तान भारत से वार्ता नहीं करेगा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा, जब तक भारत



कश्मीर को लेकर 5 अगस्त, 2019 को लिया गया फैसला वापस नहीं लेता है, तब तक पाकिस्तान की सरकार किसी भी कीमत पर भारत से वार्ता नहीं करेगी। इमरान एक लाइव प्रसारण सत्र के दौरान आम लोगों के सवालों का जवाब दे रहे थे। बता दें कि भारत ने 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त कर दिया था, जो जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे से जुड़े हुए थे।

## पप्पू यादव ने जेल में शुरू की भूख हड़ताल



**पटना।** पूर्व सांसद व जाप प्रमुख पप्पू यादव को मधेपुरा कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वीरपुर जेल में रात गुजराने के बाद पप्पू यादव ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। पप्पू यादव का आरोप है कि जेल में ना तो पीने का शुद्ध पानी है नहीं बाथरूम की व्यवस्था। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीज होने बावजूद जेल में रात भर जाग कर बिताया है। हाल ही में उनके पांव का ऑपरेशन हुआ है, जिससे शौचालय में बैठने में दिक्कत होती है, बाथरूम में कमोड तक नहीं है।

# दिल्ली को कोवैक्सीन देने से इनकार?

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र पर एक बार फिर वैक्सीन की आपूर्ति में बाधा डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक बार फिर जोर देकर ये कहा कि किस राज्य को कितनी वैक्सीन दी जाएगी ये अब भी केंद्र सरकार ही तय कर रही है। कोवैक्सीन की आपूर्ति न होने से दिल्ली में कई केंद्र बंद करने पड़े हैं। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आगे कहा, हमारे पास कोवैक्सीन का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो चुका है।

इसकी वजह से हमें 17 स्कूलों में कोवैक्सीन के 100 से ज्यादा सेंटर बंद करने पड़े हैं। कोवैक्सीन की कंपनी ने कल हमें चिट्ठी लिखी है और साफ-साफ कह दिया है कि हम और वैक्सीन नहीं दे सकते क्योंकि हमें केंद्र सरकार के निर्देश पर वैक्सीन देनी है। कोवैक्सीन की सप्लाई अब दिल्ली में बंद है। हमने उनसे 67 लाख वैक्सीन मांगी थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी लोगों को वैक्सीन लगाने के लिए हमने एक करोड़ 34 लाख वैक्सीन की डोज मांगी थी। 67 लाख कोविशील्ड से मांगी थी और 67 लाख कोवैक्सीन से मांगी थी। कोवैक्सीन ने कल हमें चिट्ठी लिखकर साफ कह दिया है कि हम वैक्सीन नहीं दे सकते क्योंकि हमारे पास वैक्सीन उपलब्ध नहीं है।

# खुद संक्रमित हुईं पर मरीजों को स्वस्थ करने में जुटी रहीं

**वेब डेस्क।** कोविड संक्रमित मरीजों की जांच व इलाज में डाक्टरों के अलावा नर्सिंग स्टाफ की भी अहम भूमिका है। नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित 25 फीवर क्लीनिकों पर मरीजों की सैंपलिंग तो कर ही रहा है, रैपिड रिस्पांस टीम के साथ मरीजों की जांच भी कर रहा है। इसके अलावा शहर के कोविड अस्पतालों में नर्सिंग स्टाफ के तीन हजार से ज्यादा सदस्य दिन-रात मरीजों का इलाज कर रहे हैं। मरीजों को दवा देने के साथ नर्स उन्हें व्यायाम भी करवा रहे हैं। आइसीयू में मरीजों के आक्सीजन सेचुरेशन पर नजर रखने के साथ उन्हें जीवनरक्षक दवा देने की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। मरीजों की सेवा करते हुए नर्सिंग स्टाफ की कई सदस्य संक्रमित भी हो गईं। इसके बाद भी उनका हौसला कम नहीं हुआ। वे आज भी अस्पतालों में मरीजों के लिए देवदूत बनकर 24 घंटे खड़ी हैं।पिछले एक साल में अरबिंदो अस्पताल में सर्वाधिक कोविड मरीज भर्ती

Nurse Day



हुए हैं। यहां नर्सिंग स्टाफ की करीब 600 सदस्य मरीजों के इलाज में जुटी हैं। नर्स सीजामोल जे पिछले 17 साल से अस्पताल में काम कर रही हैं और वे कोविड के शुरुआत से ही संक्रमित मरीजों की देखरेख में लगी हैं। वे अपने हाथों से मरीजों को खाना खिलाती थीं। उन्हें डिहाइड्रेशन न हो इसके लिए बार-बार पानी भी पिलाती थीं। मरीजों को ब्रीथिंग एक्सरसाइज भी करवाती थीं। 2 मई को सीजामोल संक्रमण की चपेट में आ गईं और अब वे खुद अस्पताल में भर्ती हो इलाज ले रही हैं। उनका कहना है जल्द ही ठीक होकर फिर मरीजों की सेवा करूंगी। इंडेक्स अस्पताल में कोविड संक्रमितों के इलाज में नर्सिंग स्टाफ की करीब 200 सदस्याएं जुटी हुई हैं। यहां की सीनियर नर्सिंग स्टाफ लीना पाठक की ड्यूटी शुरू से ही कोविड आइसीयू में हैं। वे बताती हैं कि यहां गंभीर मरीज आते हैं। ऐसे मे उन्हें हाई फ्लो आक्सीजन, बाइपेप से सहयोग देना व फिजियोथेरेपी करवाना मुख्य काम होता है। वे आइसीयू में भर्ती वृद्ध मरीजों की स्वजन से वीडियो कालिंग पर बात भी करवाती रहीं। कई मरीज परेशानी होने पर उन्हें ही फोन करते हैं।

## जब अमित जोगी बोले-लाकडाउन में कहीं फिर से कुंवारा न हो जाऊं




रायपुर( जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी का एक ट्वीट इंटरनेट मीडिया पर चर्चा में है। जोगी ने ट्वीट किया- कल रात धर्मपत्नी ऋचा ने टोक दिया कि आपकी पैंटें टाइट होने लगी है। उनकी इस बात की पुष्टि वजन नापने की मशीन ने भी कर डाली। लाकडाउन में वर्जिश आधी और खुराक दोगुनी हो गई है। कृपया वजन कम करने के लिए कम मेहनत और अधिक असर वाले सुझाव साझा करें, नहीं तो कहीं मैं फिर से कुंवारा न बन जाऊं! अमित के इस ट्वीट पर रोचक प्रतिक्रियाएं आई हैं। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजय साहू ने कहा, जिसे पत्नी छोड़ जाती है, उसे कुंवारा नहीं कहा जाता? इस ग़लत फ़हमी में मत रहिए कि आप पुनः कुंवारा हो जाएंगे।

# कटनी में भी होगी नकली रेमडेसीवर इंजेक्शन की जांच

## इंजेक्शन और ऑक्सीजन के आवंटन को लेकर अस्पतालों और मेडिकल स्टोर्स को नोटिस

कटनी। जबलपुर में नकली रेमडेसीवर इंजेक्शन मामले का भंडाफोड़ होने के बाद कटनी जिले में भी प्रशासन एक्टिव मोड़ पर नजर आ रहा है। सिटी हॉझिपटल के संचालक सरबजीत सिंह मोखा द्वारा गुजरात से नकली रेमडेसीवर इंजेक्शन की सप्लाई और पुलिस द्वारा इस मामले का पर्दाफाश किए जाने के बाद माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा एसआईटी का गठन किया गया है। विदित हो कि **यशभारत** ने 10 मई को इस मामले की गहन जांच किए जाने को लेकर खबर प्रकाशित की थी, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लेकर हाईकोर्ट के निर्देशों को लेकर एसआईटी गठित करते हुए टीम को जांच के निर्देश दिए।

**एसपी ने बनाई एसआईटी, एएसपी बनाए गए एसआईटी के प्रभारी**

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा गठित एसआईटी रेमडेसीवर इंजेक्शन, विभिन्न दवाओं और ऑक्सीजन आदि की कालाबाजारी के सम्बंध में जांच का कार्य करेगी। इस दल का प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही इसमें जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी ने बताया कि गठित एसआईटी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कार्य करना प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके तहत मंगलवार को टीम द्वारा जिले के ऐसे सभी अस्पतालों एवं मेडिकल स्टोर्स, जिनको इन दवाओं एवं ऑक्सीजन आदि का आवंटन हुआ था या इनके वितरण में संलग्न थे, उन्हें नोटिस जारी कर इनके वितरण और उपयोग के संबंध में जानकारी मांगी गई है। इन अस्पतालों में लोगों का कोविड उपचार किया जा रहा है और उपचार के दौरान रेमडेसीवर इंजेक्शन, ऑक्सीजन आदि का प्रयोग किया गया है, इसलिए इस सम्बंध में जानकारी मांगी जा रही है कि ताकि कहीं इनका दुरुपयोग ना हुआ हो। साथ ही इनकी कालाबाजारी ना हुई हो। नकली रेमडेसीवर दवा उपचाररत कोविड मरीजों को तो नहीं दी गई, आदि की जांच यह एसआईटी करेगी। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोविड मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ ना हो।

यश भारत
खबर का असर


नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन सप्लाई मामला
दवा कारोबारी और निजी हॉस्पिटल संचालक का गठजोड़
कटनी में भी जांच की मांग
सिटी हॉस्पिटल जबलपुर के संचालक सरबजीत, देवेश और सपन पर प्रकरण दर्ज
कटनी। नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन सप्लाई के मामले में जबलपुर पुलिस ने कल देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए सिटी अस्पताल जबलपुर के संचालक सरबजीत सिंह मोखा, देवेश चौरसिया और सपन जैन पर गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। जबलपुर में नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन सप्लाई मामले का भंडाफोड़ होने के बाद अब कटनी में जांच किए जाने की मांग उठने लगी है।
गुजरात में दबिश तो जबलपुर से जुड़े तार
परिजनों ने कहा-70 लाख लेते थे

यश भारत में 10 मई को प्रकाशित खबर।

# शहर के कितने मरीजों को लगे नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन

## कांग्रेस नेता ने की जांच की मांग, सीबीआई को सौंपा जाए पूरा मामला




**कटनी।** सिटी हॉस्पिटल जबलपुर द्वारा कटनी के कितने मरीजों के ऊपर नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन इस्तमाल कर अवैध पैसा वसूली की जांच किये जाने की मांग को लेकर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर संभाग को शिकायत पत्र प्रेषित किया था। जिसमे आरोप लगाया गया है कि जबलपुर के सिटी अस्पताल में मरीजों को नकली रेमडेसिविर इंजेक्शन लगा दिए गए। गुजरात में नकली इंजेक्शन की फैक्ट्री पर पुलिस ने कुछ दिनों पहले रेड मारी थी। जांच में पता चला था कि करीब 1 लाख फर्जी रेमडेसिविर इंजेक्शन देशभर के अलग-अलग राज्यों में बेचे गए हैं, इसके बाद जबलपुर पुलिस भी हरकत में आई थी इसी जांच में सिटी अस्पताल जबलपुर का नाम उजागर हुआ है। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा कि इस दौरान जिले से भी मरीज सिटी हॉस्पिटल जबलपुर में भर्ती थे। उन मरीजों का सिटी हॉस्पिटल में क्या इलाज हुआ और किन-किन मरीजों को रेमडेसिवीर इंजेक्शन लगाया गया और कितना अवैध पैसा वसूला गया व इन मरीजों में से कितनो की मौत होने की आशंका जताई जा रही है इसकी जांच किया जाना आवश्यक है। सिटी हॉस्पिटल ने 500 नकली इंजेक्शन से बुलवाए थे। इन इंजेक्शन को उसके अस्पताल में भर्ती मरीजों को लगवा दिया गया और उनकी जान से खिलवाड़ किया गया। राज्यसभा सांसद विवेक तंखा ने भी मांग की है कि सीबीआई को यह मामला सौंपा जाये। श्री तनखा ने कहा कि 3 हजार इंजेक्शन इंदौर आए और 3500 जबलपुर आए। दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ भेजे गए। पत्र में एसपी से आग्रह किया गया है कि सिटी हॉस्पिटल जबलपुर में पिछले अप्रैल माह से अभी तक कटनी जिले के उस दौरान भर्ती मरीजों की जानकारी लेकर जांच कर आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा एवं डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत पृथक से मुकदमा दर्ज किया जाए।




# तीसरे दिन कार्यकर्ताओं ने बांटे भोजन के पैकेट

**कटनी।** जिला चिकित्सालय में सांसद कोविड सहायता केंद्र में तीसरे दिन भाजपा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कोरोना मरीजों के परिजनों की एवं जरूरतमंदों की सहायता की गई। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में भाजपा के कार्यकर्ता सेवा ही संगठन की भावना से निरंतर नागरिकों की मदद में लगे हुए हैं। आज तीसरे दिन सांसद सहायता केंद्र से कोरोना पीड़ितों के परिजनों को भोजन के पैकेट, आयुष विभाग का त्रिकुट काढ़ा, गर्म पानी, पानी पाउच, बिस्किट मास्क एवं सेनेटाइजर आदि वितरित किये गए एवं उनकी सहायता की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा द्वारा प्रदान वैक्सीन जागरूकता रथ लगातार मुड़वारा विधानसभा में नगर में भ्रमण कर वैक्सिनेशन के प्रति नागरिकों को जागरूक रहा है, यह वैक्सीन जागरूकता रथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी जाकर जागरूकता का संदेश देगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कन्हैया तिवारी, चेतन हिंदुजा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, राजेश भास्कर, पप्पा मिश्रा, रविंद्र, छुट्टू मिश्रा, संतोष पटेल, शिवम शर्मा, अहमद बख्श, अभिषेक शर्मा, विवेक गुप्ता, मनीष त्रिसोलिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**सांसद कोविड सहायता केंद्र से लोगों की मदद कर रहे भाजपा कार्यकर्ता**

## कोरोना कर्फ्यू का पालन कराने सौंपे दायित्व

**कटनी।**

नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र सिह धाकरे द्वारा कोविड महामारी को दृष्टिगत रखते हुए कोरोना संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु नगर निगम सीमान्तर्गत कोरोना कर्फ्यू का कडाई से पालन कराने, निर्धारित समय-सीमा पश्चात अतिआवश्यक सेवाओं अथवा लॉकडाउन से मुक्त दुकानों को छोड़ककर सभी दुकानों को बंद कराने, मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने वालों के विरूद्ध जुर्माना लगाने तथा सब्जी एवं फल मंडी में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित कराते हुए अस्थाई अतिक्रमण से संबंधित कार्यवाही संपादित करानें का दायित्व एस.के. गर्ग, उपयंत्री को प्रभारी अधिकारी अतिक्रमण एवं प्रशांत परौहा अतिक्रमण निरीक्षक को सहायक अतिक्रमण प्रभारी का दायित्व दिये गये हैं। साथ ही प्रभारी अधिकारी के निर्देशन में कार्यवाही संपादित करने हेतु निगम के तीन समयपाल की ड्यूटी सहयोगी के रूप में लगाई गई है, जिन्हें नियमित रूप से नगर भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया गया है।

# चौराहों पर रोककर पुलिस ने पूछा - कहां जा रहे हो

## कोरोना कर्फ्यू का सख्ती से पालन करा रही पुलिस





**कटनी।** कोविड-19 संक्रमण की चेन तोड़ने के उद्देश्य से गृह विभाग के निर्देशों एवं जारी आदेश के तहत जिले में अब कोरोना 17 मई की प्रातः 6 बजे तक प्रभावशील रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है। इसी अनुक्रम में सम्पूर्ण जिले में कोरोना कर्फ्यू का मंगलवार को सख्ती से पालन कराया गया। प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार अनुमति प्राप्त गतिविधियों का ही संचालन जिले में हुआ। जिले में कोरोना कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही भी पुलिस प्रशासन की टीम के द्वारा की गई। सम्पूर्ण जिले में समस्त थाना क्षेत्रों में अलग-अलग चैक पॉईन्ट बनाकर अनावश्यक घूमने वालों के विरुद्ध कार्यवाही भी पुलिस की टीम कर रही है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के द्वारा सतत् रुप से लॉकडाउन की गतिविधियों की मॉनीटरिंग की जा रही है। साथ ही आवश्यकता अनुसार अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिये जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक श्री अवस्थी ने पुलिस की टीम को लॉकडाउन का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होने कहा कि अनावश्यक सड़क पर घूमने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करें। प्रारंभिक तौर पर प्रतीकात्मक रुप से ही सही कोविड-19 चलित जेल में उन्हें रखा जाये। साथ ही आवश्यकता अनुरुप विधिसम्मत कार्यवाही भी पुलिस की टीम करे। जिले में सुबह से ही सभी आरआर टीम प्रभावी लॉकडाउन के लिये सक्रिय रहीं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, एसडीएम रोहित सिसोनिया, एसडीएम बलबीर रमन, एसडीएम प्रिया चन्द्रावत, एसडीएम सपना त्रिपाठी, सीएसपी शशिकांत शुक्ला सहित समस्त तहसीलदार, एसडीओपी, थाना प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत् भ्रमण किया। साथ ही लॉकडाउन को लेकर आवश्यक कार्यवाही भी उनके द्वारा की गई। इस दौरान अनावश्यक व अकारण घूमने वालों पर संयुक्त दलों द्वारा कार्यवाही भी की गई। नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम की टीम ने सुबह से ही निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे के नेतृत्व में अपने-अपने मोर्चे संभाले। शहर की साफ सफाई, सैनीटाईजेशन, सब्जी मंण्डी की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था को लेकर नगर निगम का अमला व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने फील्ड पर सक्रिय रहा।




# जज्बा ऐसा कि शिविर में 41 यूनिट रक्त का संग्रह

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा जैन बोर्डिंग हाउस में रक्तदान शिविर

**कटनी।** सोमवार को दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा जैन बोर्डिंग हाउस कटनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राज्य शासन द्वारा कटनी को उपलब्ध कराई गई ब्लड वेन मे बारी.बारी से रक्त दाताओं ने जरूरतमंदों की जीवन रक्षा के लिए अपना रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में कुल 41 रक्त दाताओं ने मानव जीवन बचाने रक्तदान किया है। रक्तदान के प्रति सुबह से ही रक्त दाताओं मे बेहद उत्साह देखा गया। विदित हो कि इस संक्रमण काल में जब लोग घरों से भी निकलने में डर रहे हैं। उस समय 41 लोग रक्तदान करने पहुंचे। संक्रमण फैलने के बाद जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में ब्लड की बेहद कमी महसूस की जा रही थी। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए और मानव जीवन बचाने दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष संजय जैन एवं शरद जैन, मयूर जैन, अमित सिंघई आदि के प्रयासों से रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में सहयोगी संस्था मिलन मिलन ब्लड डोनर सोसाइटी एवं कटनी ब्लड डोनर सोसाइटी के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रुप के द्वारा सभी रक्त दाताओं को कैप पहनाकर उनका उत्साह वर्धन भी किया गया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि संक्रमण काल में जहां ब्लड बैंक में रक्त की कमी से मरीज और उनके परिजन आए दिन परेशान होते हैं और रक्त के लिए उन्हें भटकना पड़ता है, इन्हीं परेशानियों को देखते हुए जैन बोर्डिंग हाउस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग का सहयोग सराहनीय रहा। सहयोगी संस्था मिलन ब्लड डोनर सोसायटी एवं कटनी ब्लड डोनर सोसायटी से रौनक खंडेलवाल, अखिलेश पुरवार, अमित तीर्थनी, शैलेश पाठक एवं निशांत अग्रवाल ने शिविर में मौजूद रहकर सेवाएं प्रदान कीं।






# आज 43 केन्द्रों पर किया जा रहा वैक्सीनेशन

## कल 412 को लगी वैक्सीन, विधायक संदीप जायसवाल ने भी लगवाया टीके का सेकेण्ड डोज

कटनी। जिले में निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में कोविड-19 का वेक्सीनेशन कार्य किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि जिले में 11 मई को कुल 412 लाभार्थियों का वेक्सीनेशन किया गया है। 45 वर्ष व उससे अधिक आयु के 32 व्यक्तियों को फर्स्ट डोज तथा 221 को सेकेण्ड डोज का वेक्सीन लगाया गया है। इसी प्रकार सीनियर सिटिजन्स में 60 वर्ष व उससे अधिक आयु वर्ग के 13 लाभार्थियों को फर्स्ट डोज तथा 130 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 का वेक्सीनेशन किया गया है, वहीं 2 हेल्थकेयर वर्कर्स को फर्स्ट डोज और 4 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 वेक्सीनेशन किया गया है। साथ ही 6 फ्रंटलाईन वर्कर्स को फर्स्ट डोज तथा 4 को सेकेण्ड डोज का कोविड-19 टीका लगाया गया है।

मंगलवार को पुरानी कचहरी परिसर में पहुंचकर विधायक संदीप जायसवाल ने भी अपना सेकेण्ड डोज का वेक्सीनेशन कराया। इस दौरान उन्होने सभी से स्वास्थ्य आग्रह किया कि वेक्सीनेशन पूर्णतः सुरक्षित है। आप भी अपनी बारी आने पर अपना वेक्सीनेशन जरुर करायें। आज 12 मई को जिले में शासकीय क्षेत्र की 43 स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड-19 टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि कटनी अर्बन क्षेत्र में पुरानी कचहरी परिसर, एसीसी हॉस्पिटल कटनी, रेल्वे हॉस्पिटल, बड़वारा क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा, एसएचसी बरछेंका, एसएचसी अमाड़ी, एसएचसी विलायतखुर्द, एसएचसी सकरीगढ़, बहोरीबंद क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद, पीएचसी स्लीमनाबाद, पीएचसी बाकल, पीएचसी तेवरी, एसएचसी मसंधा, एसएचसी कुआं, एसएचसी कौडिया, एसएचसी बम्हौरी, ढीमरखेड़ा क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरियापान, पीएचसी कछारगांव, पीएससी ढीमरखेड़ा, पीएचसी खमतरा, पीएचसी सिलौंड़ी, कन्हवारा क्षेत्र अन्तर्गत पीएचसी कन्हवारा, सीएचसी पहाड़ी, पीएचसी बड़ेरा, एसएचसी जुहला, एसएचसी पड़रिया, एसएचसी पिपरौंध में लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है।

### रीठी, बरही और विगढ़ में भी टीकाकरण

जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि रीठी क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रीठी, पीएचसी बिलहरी, पीएचसी बड़गांव, एसएचसी देवगांव, एसएचसी निटर्रा, बरही क्षेत्र अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरही, एसएचसी कुआं, एसएचसी खितौली एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत सिविल हॉस्पिटल विजयराघवगढ़, पीएचसी घुन्नौर, पीएचसी सिनगौड़ी, पीएचसी कैमोर, एसएचसी कारीतलाई, एसएचसी देवराकलां में कोविड-19 का टीकाकरण किया जा रहा है।

### 18 से 44 आयुवर्ग के लिए 6 स्थलों पर वेक्सीनेशन

18 से 44 आयु वर्ग लोगों के लिये आज 12 मई को 6 केन्द्रों पर वेक्सीनेशन किया जा रहा है। जिसमे पुरानी कचहरी परिसर, शहरी क्षेत्र अंतर्गत शासकीय प्राईमरी स्कूल टिकरिया लखेरा, रेल्वे स्कूल एनकेजे, सीएलपी पाठक वार्ड भट्टा मोहल्ला, सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ के टीकाकरण केन्द्र एक्सीलेन्स स्कूल शालिम है। इसके लिये सभी स्लॉट बुक हो चुके हैं।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 12 मई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# कोविड सहायता केन्द्रों में आ रहे सर्दी, खांसी बुखार के मरीज





**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा शासन निर्देशों के परिपालन में 7 मई से 25 मई तक चलने वाले किल कोरोना-3 अभियान के तहत आमजनों की सुविधा एवं सर्दी, खांसी, बुखार के लक्ष्ण युक्त रोगियों के प्राथमिक उपचार की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम के चारों जोन कार्यालयों जोन क्रमांक 1 न्यू बस स्टेण्ड आडिटोरियम परिसर, जोन क्रमांक 2 खिरहनी आंगनबाडी भवन, जोन क्रमांक 3 टी.सी.बजान विद्यालय परिसर तथा जोन क्रमांक 4 माधवनगर उपकार्यालय में कोविड सहायता केन्द्रों की स्थापना की गई है। जोन कार्यालयों के प्रभारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जोन

## डॉक्टर कर रहे इलाज, दे रहे आवश्यक परामर्श

कार्यालयों में रोजाना साफ-सफाई सैनेटाईजेशन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थांए पूर्ण कराई जाकर प्रातः 10:30 बजे से केन्द्रों का संचालन किया। उपस्थित चिकित्सकों सहित महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों द्वारा केन्द्रों में प्राथमिक उपचार हेतु आने वाले मरीजों की निःशुल्क जांच कर दवा का वितरण किया जा रहा है। जोन क्रमांक 1 बस स्टेण्ड आडिटोरियम परिसर स्थित कोविड सहायता केन्द मे विगत दिवस शिवनगर बस्ती के दो एवं इंदिरा गांधी वार्ड पानी की टंकी के पास तथा बस स्टेण्ड के दो सर्दी खांसी बुखार के मरीजों की जांच की जाकर दवा का वितरण किया गया। जोन क्रमांक 2 खिरहनी आगन बाडी केन्द्र में दुबे कॉलोनी एवं दुर्गा चैक के दो स्थलों के मरीजों की जांच की गई तथा आज कोविड सहायता केन्द्रों में उपस्थित 13 मरीजों की चिकित्सकों द्वारा जांच कर निःशुल्क दवा का वितरण किया गया।

# 16 स्थलों पर की गई माइक्रो कंटेनमेंट जोन की कार्यवाही




**कटनी।** कोविड-19 के बढते संक्रमण की रोकथाम एवं आम आदमी की सुरक्षा की दृष्टि से निगम सीमान्तर्गत कोविड पाजीटिव पाये जाने पर उक्त क्षेत्र/भवन को माईक्रो कंटेनटमेन्ट जोन चिन्हित कर साफ सफाई, कीटनाशक दवा के छिड़काव सहित सैनीटाईजेशन की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। कोविड संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्रीय उपयंत्रियों से संकलित एवं विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार एसडीएम एवं इंसीडेन्ट कमाण्डर बलबीर रमन द्वारा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 16 स्थलों को कंटेनमेन्ट जोन घोषि किया गया है। जिसके तहत आज राम मनोहर लोहिया वार्ड स्थित चंडिका नगर मंदिर के पास, राजीव गांधी वार्ड स्थित बसंत बिहार कॉलोनी, जगजीवन राम वार्ड स्थित एन.के.जे पुलिस लाईन, शिवाजी वार्ड स्थित आर.बी.आई 57/ए एन.के.जे पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित महर्षि स्कूल के सामनें तथा बरगद के झाड के पास, जगजीवन राम वार्ड स्थित नयागांव एवं जैन कॉलोनी गली नंबर 7, रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित मम्मू मेडिकल के पास तथा हनुमान मंदिर के पास तथा खरे कॉलानी तथा शिवाजी वार्ड स्थित बजरंग कॉलोनी के दो स्थलों, रेल्वे कॉलोनी शिवाजी वार्ड, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड स्थित मानसरोवर कॉलोनी आदि स्थलों पर माइक्रो कंटेनमेंट जोन के बैनर लगाकर अन्य आवश्यक कार्यवाही की गई।

# पंचायत सचिवों को घोषित किया जाए कोरोना योद्धा



**विजयराघवगढ़।** राज्य शासन स्तर पर कोरोना योद्धा के स्पष्ट आदेश जारी करने जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत सचिव सहायक सचिव संगठन द्वारा संयुक्त रुप से अपनी समस्याओं को लेकर जनपद पंचायत कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रभा तेकाम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्यालय, काम एवं कलम बंद करने का निर्णय लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण महामारी के अवसर पर शासन के निर्देशों का पालन करते हुए प्रदेश में कार्यरत 50 से अधिक पंचायत सचिवों व सहायक सचिवों की मृत्यु हो चुकी है, इसके बावजूद प्रदेश के 46 हजार सचिवों एवं सहायक सचिव से कोरोना योद्धा के नाम पर आंख मिचोली की जा रही है। प्रातः से सायं तक बिना सक्षम अधिकारी के लिखित ड्यूटी आदेश जारी बिना व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है, वहीं कोरोना योद्धा पात्र कर्मी घोषित करने के नाम पर षड्यंत्र हो रहा है। सचिवों के संयुक्त संगठन द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि शासन स्तर पर कोरोना संक्रमण महामारी के अवसर पर 10 मई से लगातार कार्य कराने आदेश किया जा रहा है, किंतु शासन स्तर पर कोरोना योद्धा के स्पष्ट आदेश जारी नहीं किए जा रहे, वहीं संक्रमण के बीच वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार विगत दिवस संगठन के कर्मचारियों ने कार्य करते हुए अपनी जान गंवा दिया है। जिन्हें शीघ्र ही 50-50 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने की संगठन द्वारा मांग की गई है। संगठन की मांग पर ध्यान न दिए जाने पर संयुक्त संगठन ने काम और कलम बंद करने की चेतावनी भी दी थी। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर सचिव संघ के तहसील अध्यक्ष इंद्रपाल पटेल, सहायक सचिव संगठन के जिलाध्यक्ष शिव मोहन सिंह बघेल, ब्लाक अध्यक्ष विकास दत्त मिश्रा, रणजीत सिंह बागरी, केशव विश्वकर्मा, राजेंद्र विश्वकर्मा, मनीराम कोरी की उपस्थिति रही।

## सचिव व सहायक सचिव संगठन ने कलेक्टर के नाम सीईओ को सौंपा ज्ञापन





# रोको–टोको अभियान, बाहर से आने वाले यात्रियों की जांच, टीम ने दी समझाईश

**कटनी।** कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में कोविड-19 महामारी के संक्रमण पर नियंत्रण हेतु निगम प्रशसन द्वारा किये जा रहे प्रयास अनवरत जारी है। संक्रमण पर नियंत्रण हेतु विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में रोजाना रोको टोको अभियान का संचालन किया जाकर लोगों को संक्रमण के प्रति जागरूक रहते हुए अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग करनें तथा दो गज की दूरी का पालन करनें की समझाईश दी जा रही है। निगमायुक्त के निर्देशन में मंगलवार की प्रातः वैक्सीनेशन सेंटर पुरानी कचहरी परिसर तथा साउथ स्टेशन में रोको-टोको अभियान का संचालन किया गया। जहां वैक्सीनेशन सेंटर परिसर में आने वाले नागरिकों के रजिस्ट्रेशन कांउन्टर सहित परिसर के अन्य काउन्टर के पास उपस्थित होकर नागरिकों को जानकारी प्रदान करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को संभालनें में सहयोग प्रदान किया गया। संक्रमण से बचाव हेतु अनिवार्य रूप से चेहरे पर मास्क लगानें तथा सामाजिक दूरी का पालन कराने की कार्यवाही की गई। कटनी साउथ स्टेशन परिसर में आने जाने वाले यात्रियों को संक्रमण से बचाव हेतु शासन द्वारा जारी गाईडलाईन की जानकारी प्रदान कर यात्रियों की जानकारी संधारित की गई।

## प्रोटोकाल के अनुसार संचालित कराया जा रहा सब्जी-फल व्यवसाय



**कटनी।** कोविड–19 महामारी के प्रसार पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है। नगर में किसी भी माध्यम से संक्रमण का प्रसार न हो, इस हेतु रोजाना नगर की सफाई व्यवस्था के साथ ही ट्रांसपोर्टनगर थोक सब्जी मंडी सहित चिन्हित अन्य स्थलों फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड, हाउसिंग बोर्ड मैदान तथा उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित उत्कृष्ट मैदान के सामने से कोविड प्रोटोकाल का पालन कराते हुए प्रातः 10 बजे तक व्यवसाय कराया जा रहा है। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों में निगम के स्वच्छता दूतों द्वारा रोजाना साफ सफाई की जाकर सोशल डिस्टेंसिंग हेतु चूने के गोले बनाने का कार्य किया जा रहा है। ट्रांसपोर्टनगर थोक सब्जी मंडी एवं अन्य चिन्हित स्थलों पर कर्तव्य पर उपस्थित निगम के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा संक्रमण से बचाव हेतु थोक एवं फुटकर सब्जी विक्रेताओं के वाहनों को पार्किग में खडा कराते हुए रोको टोको अभियान के माध्यम से वाहनों में लगे लाउडस्पीकर से मास्क लगाने, सामाजिक दूरी का पालन करने हेतु निर्धारित गोलों के अंदर से ही पूर्ण सुरक्षा के साथ व्यवसाय करने की घोषणा कीकर नागरिकों को समझाईश भी दी जा रही है। महामारी के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए उससे बचाव हेतु निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा रोजाना प्रातः से नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में निरीक्षण किया गया। एक स्थल पर स्थाई बैठकर अनाधिकृत रूप से सब्जी/ फल का व्यवसाय करने वाले व्यवसाईयों की दुकानें बंद कराने की कार्यवाही की गई। वहीं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए प्रातः 10 बजे तक ठेले में सामग्री रखकर नगर के विभिन्न स्थलों में धूमकर व्यवसाय करने की कार्यवाही संपादित कराई जा रही है।

# विगढ़ में भी शुरू 18 प्लस का टीकाकरण

**विजयराघवगढ़।** प्रशासन के आदेशानुसार 18 वर्ष से 44 वर्ष तक के व्यक्तियों का टीकाकरण एक्सीलेंस स्कूल विजयराघवगढ़ में किया जा रहा है। जिनके द्वारा आरोग्य सेतु एप से पंजीयन करवाया गया है और उन्हें एप के द्वारा 10 मई का समय सूचित किया गया है। ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार ने विजयराघवगढ़ में केवल एक्सीलेंस स्कूल में ही 18 से 44 वर्ष के व्यक्तियों को टीका लगाया जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य स्थलों में 45 वर्ष एवं 45 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए भी टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। प्राथमिक कन्या शाला सिंनगोड़ी, श्री लाल हरी सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसवाही, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवराकला, डीएवी एसीसी स्कूल कैमोर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हंतला एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ में अलग अलग सेंटर बनाए गए है।

# जून एवं जुलाई में ओपन बुक पद्धति से होगी कॉलेज की परीक्षाएं

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के प्राचार्य ने प्रेस के नाम जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन भोपाल के पत्रानुसार स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षाएं जून 2021 तथा स्नातक प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं जुलाई 2021 में ओपन बुक पद्धति से आयोजित की जाएंगी तथा शेष प्रायोगिक परीक्षाएं ओपन बुक परीक्षा की समाप्ति के पश्चात आयोजित की जाएंगी। कोविड 19 संक्रमण के कारण विश्वविद्यालय से छात्र छात्राओं को प्रश्न पत्र विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे। शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के करीब 502 छात्र छात्राएं इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे। सभी छात्र छात्राओं को वाट्सअप ग्रुप्स तथा फोन के माध्यम से सूचित किया गया है।

## परसवारा के पूर्व सरपंच का निधन

**विजयराघवगढ़।** जनपद क्षेत्र विजयराघवगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवारा की पूर्व सरपंच रामचंद्र साहू वर्ष जिला चिकित्सालय कटनी में अचानक हृदय गति अवरुद्ध हो जाने के कारण निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे ग्राम में शोक व्याप्त हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह निवास परसवारा में किया गया। इस अवसर पर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए करीबी लोग ही अंतिम संस्कार में सम्मिलित हुए। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना परमपिता परमेश्वर से की।

# गलियों में पहुंची मिस्ट गन, किया सेनेटाईज




**कटनी।** कोरोना महामारी की दूसरी लहर के संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में किये जा रहे प्रयासों के सार्थक परिणाम दिखनें लगे है। नगर में कम से कम समय में अधिक से अधिक स्थलों को सैनेटाईज किया जाकर संक्रमण को समाप्त करनें हेतु मिस्ट गन मशीन, करोना विनाशक रथ तथा हस्त चलित स्प्रे पंपों का उपयोग किया जाकर सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव किया जा रहा है। सैनेटाइजेशन कार्य में संलग्न अभिषेक बघेल एवं पंकज निगम ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में मंगलवार को चलाये गए सैनेटाइजेशन अभियान के तहत विभिन्न रहवासी स्थल नदीपार स्थित शिवनगर, गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड स्थित महाकाल गली, महात्मा गांधी वार्ड स्थित जैन मोहल्ला एवं लाल बिलि्ंडग गली सहित अन्य स्थलों, जयप्रकाश वार्ड स्थित सौंधिया गली, जसूजा गली, लेले वकील गली, चूरन गली, रामसिंह गली, अग्रहरी गली, वीर सावरकर वार्ड स्थित ब्रजवासी होटल के बाजू से गुप्ता कॉलोनी गली, दुबे कॉलोनी गोपाल नगर फेज-2, खिरहनी, रोशन नगर ठाकुर होटल के पीछे सहित अन्य स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल का छिडकाव कार्य किया गया। संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण तथा मुख्य मार्गो के अधिक से अधिक स्थलों को विसंक्रमित करनें हेतु मिस्ट गन मशीन के माध्यम से बी.डी अग्रवाल स्थित सुभाष चैक, विश्वकर्मा पार्क, मधई मंदिर रोड, गणेश चैक, एम.पी.ई.बी ऑफिस, व्ही.आई.पी रोड, सराय मोहल्ला, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित सूरी गली, जौहर गली, डॉ प्रवीण वैश्य गली, नरोत्तम शर्मा गली, फायर ब्रिगेड रोड में सोडियम हाईपोक्लोराइड दवा का छिडकाव कराया गया। कोविड सहायता केन्द्रों में आनें वाले नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से जोन क्रमांक-1 बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम परिसर, जोन क्रमांक 2 स्थित खिरहनी आंगनबाडी भवन, जोन क्रमांक 3 टी.सी. बजान स्कूल, दुर्गा चैक चैक पोस्ट, शासकीय जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास परिसर एन.के.जे, गायत्री नगर सी.एस.आई हास्पिटल के पास, अंजूमन इस्लामिया स्कूल, कोविड जांच केन्द्र जैन स्कूल, पुराना जिला न्यायालय परिसर वैक्सीनेशन सेंटर, दीनदयाल रसोई केन्द्र दिव्यांचल कोविड केयर केन्द्र, सायना कोविड केयर केन्द्र, बालक छात्रावास राय कॉलोनी, जिला पंचायत कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कंट्रोल रूम, मंगलनगर प्यासी गली, चावरे गली, दिनेश विश्कर्मा के घर के पास, भरत चैक, पुलिस चैकी सहित नगर के अन्य स्थलों में सोडियम हाईपोक्लोराइड का छिडकाव किया जाकर स्थलों को विसंक्रमित किया गया।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर





# अनुबंध की बजाय संविदा नौकरी दे सरकार

## कोरोना काल में जोखिम लेकर दीं सेवाएं, अब सता रही भविष्य की चिंता



यश भारत खबर विशेष

*कटनी। कोरोना काल में जान की परवाह किए बगैर पिछले एक वर्ष से कोरोना मरीजों की सेवा में लगे स्वास्थ्यकर्मी और पैरामेडिकल स्टूडेंट को हर समय नौकरी जाने का डर सताता रहता है। आज नर्स डे पर ऐसे स्टाफ ने शासन व प्रशासन से एक बार फिर संविदा नौकरी प्रदान करने की मांग की है। कोविड-19 के तहत अपनी व अपने परिवार की जान जोखिम में डालकर स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे नर्सिंग स्टाफ का कहना है कि हम सभी कोविड-19 चिकित्सा अधिकारी और स्टाफ आयुष चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन पिछले एक साल से जान जोखिम में डाल कर काम कर रहे हैं।*

सरकार आवश्यकताओं के अनुसार हमारा अनुबंध घटाती व बढ़ाती रहती है, किंतु हमने जिन परिस्थितियों में सरकार का साथ दिया है, उन्हें ध्यान में रखते हुए हमें संविदा में लिया जाए। सरकार के स्वास्थ्य विभाग में पर्याप्त रिक्तियां हैं क्योंकि इतने महीनों से काम करना और अब हमें अचानक से बेरोजगार करना उचित नहीं होगा। कोविड-19 में सेवाएं देने के कारण हमारी प्राइवेट नौकरी और क्लिनिक भी छूट चुकी हैं। गौरतलब है कि कोविड-19 में आवश्यकता पड़ने पर तीन माह की अस्थाई नौकरी का प्रस्ताव सरकार द्वारा दिया गया था, जिसमें पैरामेडिकल के छात्रों द्वारा ज्वॉइन किया गया था। यह वही डॉक्टर थे, जिन्होंने 3 महीने कोरोना में सेवा दी। राज्य शासन महीने दर महीने इनकी सेवा को बढ़ा रही है। वहीं आज नर्स डे पर इनकी मांग है कि एक-एक महीने बढ़ाने के बजाय संविदा नियुक्ति कर दी जाए।



नर्स-डे पर कोविड-19 स्वास्थ्य स्टाफ की मांग

### संविदा नौकरी से सुरक्षित होगा भविष्य

पैरामेडिकल छात्रों का कहना है कि हम एक साल से काम कर रहे हैं। हमें तीन महीने के अनुबंध पर रखा गया था, जिसे समय-समय पर जरूरत के अनुसार सरकार ने बढ़ाया। कोरोना के ऐसे समय में हमने सरकार का साथ दिया है और लगातार दे रहे हैं। इसलिए आज नर्स डे पर हमारी मांग है कि हमें सरकार या तो संविदा में रखे या स्थाई नियुक्ति दे दे। जिससे हमारा भविष्य सुरक्षित हो सके।

### नर्स दिवस का इतिहास

नर्स दिवस को मनाने का प्रस्ताव पहली बार अमेरिका के स्वास्थ्य, शिक्षा और कल्याण विभाग के अधिकारी डोरोथी सदरलैंड ने दिया था। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डी डी आइजनहावर ने इसे मनाने की स्वीकृति दी। पहली बार 1953 में नर्स डे मनाया गया जबकि इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्स ने इस दिवस को पहली बार वर्ष 1965 में मनाया। वहीं पेशे के रूप में नर्सिंग की शुरुआत करने वाली इटली की नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में घोषणा जनवरी 1974 में की गयी।



# सेम्पल लेने गए दल को लाठियों से दौड़ाया महिला ने

## बड़गांव में कोविड पॉजीटिव मिलने पर सेम्पलिंग के लिए गया था दल

**कटनी/रीठी।** रीठी तहसील के अंतर्गत बड़गांव में कोविड पॉजीटिव केस मिलने के बाद आस पड़ोस के लोगों के सेम्पल लेने गए दल के साथ अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। यहां स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ताओं पर एक महिला लाठी लेकर मारने के लिए दौड़ी। जिससे अफरातफरी का माहौल निर्मित हो गया। आशा कार्यकर्ता द्वारा इस घटना की सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्रशासन के अधिकारियों को दिए जाने पर रीठी पुलिस ने महिला के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रीठी के खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कल 11 मई को ग्राम बड़गांव में सैम्पल कलेक्शन करने के लिए सैम्पलिंग दल गया हुआ था। वहां पर आशा कार्यकर्ता बड़गांव सुषमा चक्रवर्ती द्वारा कोविड-19 के संक्रमित व्यक्तियों के साथ आसपास के लोगों को सैम्पलिंग टीम से अपनी जांच करवा लेने के लिये कहा गया। जिसे सुनकर शकुन बाई चौधरी पति जितेन्द्र चौधरी अभद्रता पूर्व व्यवहार करते हुये लाठी लेकर मारने दौड़ी। अन्य सहकर्मी मंजूलता सोनी, आशा सहयोगी न रहती तो उक्त महिला द्वारा सुषमा चक्रवर्ती पर घातक हमला कर दिया गया होता। उक्त महिला शकुन बाई चौधरी पर स्वास्थ्य कर्मियों के शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं जानकारी से मारने की कोशिश की गई। जिस पर बीएमओ रीठी द्वारा इस संबंध में उचित कार्यवाही करने का लेख किया गया है। इस आधार पर एसडीएम द्वारा थाना प्रभारी रीठी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशों के बाद रीठी पुलिस ने आशा कार्यकर्ता सुषमा चौधरी की रिपोर्ट पर शकुन बाई चौधरी के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 186, 353, 294, 506, 188, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51, महामारी अधिनियम 1897 की धारा 3, 4 के तहत मामला दर्ज किया है।

**एसडीएम के निर्देश पर रीठी थाने में मामला दर्ज**

# होम आइसोलेशन के उल्लंघन पर एफआईआर

## पॉजीटिव आने के बाद परिवार सहित गांव जाने पर कार्रवाई, कलेक्टर ने जारी किये थे होम आईसोलेशन को लेकर निर्देश

**कटनी।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कई कड़े कदम उठाये गये हैं। पुलिस प्रशासन के द्वारा कोरोना कर्फ्यू का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने होम आईसोलेशन का सख्ती से पालन कराने के लिये पृथक से डिटेल्ड ऑर्डर जारी किया है। जिसमें होम कोरेन्टाईन या इंस्टीट्यूशनल कोरेन्टाईन का निर्णय लेने का अधिकार संबंधित क्षेत्र की आरआरटी को सौंपा गया है। जिसका आरआरटी द्वारा सख्ती से पालन कराया जा रहा है। मंगलवार को होम आईसोलेशन की गाईड लाईन का उल्लंघन पाये जाने पर रेपिड रिस्पॉन्स टीम क्रमांक 18 द्वारा पुलिस मे एफआईआर दर्ज कराई गई है। आरआर टीम के प्रभारी सतीश पटेल ने बताया कि 11 मई को कोविड पॉजीटिव ज्ञानेन्द्र प्रजापति के निवास का भ्रमण दल द्वारा किया गया। बहोरीबंद के पठानी मोहल्ला निवासी ज्ञानेन्द्र प्रजापति 9 मई को कोविड पॉजीटिव आये थे। जिसके बाद वे होम आईसोलेशन में रह रहे थे। मंगलवार को जांच दल द्वारा किये गये निरीक्षण में पाया गया कि ज्ञानेन्द्र प्रजापति अपने गांव चले गए हैं, उनके साथ उनका पूरा परिवार भी गांव गया है।

ज्ञानेन्द्र के द्वारा होम आईसोलेशन के नियमों के उल्लंघन पर मौके पर ही आरआर टीम द्वारा पंचनामा तैयार किया गया। जिसके बाद संबंधित पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही भी दल द्वारा कराई जा रही है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों राज्य शासन द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजों के लिये नई गाईड लाईन जारी की गई थी। जिसके तहत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा आदेश जारी करते हुए होम आईसोलेशन में रह रहे व्यक्तियों द्वारा नियमों का उल्ललंघन किये जान पर संबंधित आरआर टीम को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिये गये थे। जिसके तहत मंगलवार को बहोरीबंद अनुविभाग अंतर्गत कार्यवाही की गई है।



# ढाबा में परोसी जा रही थी शराब

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र की झिंझरी चौकी पुलिस ने हाइवे के एक ढाबे में दबिश देकर ढाबा संचालक को अवैध शराब के साथ पकड़ा है। ढाबा से 6900 रूपए कीमती 10 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। मामले में ढाबा संचालक रजनी नायक पति अमित नायक के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर प्रधान आरक्षक मनीष अतरौलिया व मनीष कोरी के द्वारा की गई।

# जबलपुर-रीवा व जबलपुर-सिंगरौली सहित 6 ट्रेनें रद्द

## यात्री संख्या में भारी कमी के चलते रेलवे का निर्णय

**कटनी।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण के कारण अधिकांश ट्रेनें खाली चलने लगी थी या फिर उनमें नाममात्र के यात्री ही सफर कर रहे थे। जिसके कारण रेलवे को अब ट्रेनों का परिचालन करने में घाटा हो रहा था। इसलिए रेलवे के द्वारा अब खाली चल रही ट्रेनों का रदद करना शुरू कर दिया गया है। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल ने 6 जोड़े स्पेशल ट्रेनों को रदद करने का निर्णय लिया है। जिसमें से अधिकांश ट्रेनें कटनी जंक्शन व कटनी साउथ स्टेशन होकर गुजरती हैं। जबलपुर रेल मंडल द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार कोविड-19 के चलते पश्चिम मध्य रेल मंडल जबलपुर से चल रही ट्रेनों में यात्री संख्या में भारी कमी के कारण जबलपुर से चलने वाली 6 जोड़े ट्रेनों को आगामी आदेश तक रदद् कर दिया गया है। रद्द होने वाली ट्रेनों में जबलपुर-हरिद्वार-जबलपुर स्पेशल ट्रेन, रीवा-जबलपुर-रीवा इंटरसिटी एक्सप्रेस, जबलपुर-इंदौर-जबलपुर ओवर नाइट एक्सप्रेस, लखनऊ-जबलपुर-लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस, जबलपुर-हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस, जबलपुर-सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस व जबलपुर-अंबिकापुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस शामिल हैं। इन सभी स्पेशल ट्रेनों का आगामी आदेश तक के लिए रदद् किया गया है।



### रद्द होने वाली ट्रेनों के संबंध में जानकारी

1. गाड़ी संख्या 02290 रीवा-जबलपुर इंटरसिटी 13 मई से रद्द रहेगी। 2. गाड़ी संख्या 02289 जबलपुर-रीवा इन्टरसिटी 13 मई से रद्द रहेगी। 3. गाड़ी संख्या 02292 जबलपुर-इंदौर ओव्हर नाइट एक्सप्रेस 13 मई से रद्द रहेगी। 4. गाड़ी संख्या 02291 इंदौर-जबलपुर ओव्हर नाइट एक्सप्रेस 14 मई से रद्द रहेगी। 5. गाड़ी संख्या 05205 लखनऊ-जबलपुर एक्सप्रेस 13 मई से रद्द रहेगी। 6. गाड़ी संख्या 05206 जबलपुर-लखनऊ एक्सप्रेस 14 मई से रद्द रहेगी। 7. गाड़ी संख्या 02191 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस 12 मई से रद्द रहेगी। 8. गाड़ी संख्या 02192 हावड़ा-जबलपुर शक्ति पुंज एक्सप्रेस 13 मई से रद्द रहेगी। 9. गाड़ी संख्या 01651 जबलपुर-सिंगरौली इन्टरसिटी 13 मई से रद्द रहेगी। 10. गाड़ी संख्या 01652 सिंगरौली-जबलपुर इन्टरसिटी 14 मई से रद्द रहेगी। 11. गाड़ी संख्या 01265 जबलपुर-अम्बिकापुर इन्टरसिटी 13 मई से रद्द रहेगी। 12. गाड़ी संख्या 01266 अम्बिकापुर-जबलपुर इन्टरसिटी 14 मई से रद्द रहेगी।

# वेक्सीनेशन के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल किया वीडियो

## तहसीलदार की सूचना पर राष्ट्रीय किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पर रीठी पुलिस ने दर्ज किया मामला

**कटनी/रीठी। कोरोना संक्रमण के दौरान केन्द्र सरकार के निर्देश पर जिले में शुरू किए गए वैक्सीनेशन के खिलाफ लोगों को गुमराम करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल करने वाले राष्ट्रीय किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष जागेश्वर लोधी पटेल के खिलाफ रीठी पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।**



इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हीरापुर निवासी जागेश्वर लोधी ने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया था। जो डॉक्टर अगर कोरोना वैक्सीन लगा रहे हैं, अगर उससे हकीकत में मौत हो रही हैं और इन्फेक्शन होता है तो आप नहीं लगवाए। उसने इस वीडियो को ज्यादा से ज्यादा शेयर करने की भी बात कही थी और कहा था कि साजिश के तहत वैक्सीनेशन किया जा रहा है। वैक्सीनेशन के राष्ट्रव्यापी अभियान को लेकर लोगों को गुमराह करने वाले इस वीडियो की जानकारी जैसे ही रीठी तहसीलदार राजेश पांडे को लगी, उन्होंने तत्काल वीडियो की जांच के निर्देश दिए। जांच में यह बात सामने आई कि जागेश्वर लोधी द्वारा यह वीडियो बनाकर वायरल किया गया है। रीठी तहसीलदार राजेश पांडे ने विगत 5 मई को रीठी थाना प्रभारी रोहित यादव को वॉट्सअप के माध्यम से वीडियो भेजकर वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। पुलिस ने वीडियो देखकर यह पाया कि जागेश्वर लोधी ने वीडियो वायरल कर संक्रमण फैलने की संभावना को बढ़ावा दिया है। जिस पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अंतर्गत भारतीय दंड संहिता की धारा 188, 269, 270, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 एवं 2, 3, 4 महामारी अधिनियम 1897 के तहत जागेश्वर लोधी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी जागेश्वर लोधी ने एक नया वीडिया वायरल करते हुए इस मामले में अपनी सफाई देते हुए भाजपा के लोगों पर एफआईआर दर्ज करने के आरोप लगाए।


श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333
प्रतिदिन उपलब्ध — डॉ. बलदेव सिंह — MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन, पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल, हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ
प्रतिदिन उपलब्ध — डॉ. गगन सोनी — BDS डेंटल सर्जन, कटनी के सुप्रसिद्ध, दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB, कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV, पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई, त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS, MD, DM. मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS, MD, DM. हृदय रोग विशेषज्ञ, महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
दवाईयाँ, एम्बुलेंस, कैंटीन, पार्किंग
उपलब्ध विभाग | हेल्पलाईन नं.8982275111 | उपलब्ध सुविधायें
• मेडीसिन विभाग • हृदय रोग विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • दंत रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • त्वचा एवं सौंदर्य विभाग • शिशु रोग विभाग • मस्तिष्क रोग विभाग • ट्रामा विभाग • कैंसर विभाग • फिजियोथेरेपी विभाग • प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी
• नार्मल डिलेवरी • सीजेरियन डिलेवरी • लेप्रोस्कोपिक सर्जरी • जनरल सर्जरी • आई.सी.यू. वार्ड • सेमी. प्रायवेट वार्ड • जनरल वार्ड • मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर • हेयर ट्रांसप्लांट
सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध | भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था


# 24 घंटे में 537 सेम्पल की रिपोर्ट में 69 नए पॉजीटिव केस

**कटनी।** संक्रमित मरीजों की संख्या में कमी आने के बाद अब जिले में सेम्पलिंग कम किए जाने का खेल शुरू हो गया है। पॉजीटिविटी रेट में कमी दिखाने के लिए हर दिन 500 से 600 के आसपास सेम्पल लिए जा रहे हैं, इसमे भी रविवार के दिन तो 600 से कम ही सेम्पल लिए जा रहे हैं, जबकि संक्रमण बढ़ने के बाद हर दिन करीब 700 से 800 सेम्पल जांच के लिए भेजे जा रहे थे। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा। राज्य सरकार के निर्देशों के बाद भी सेम्पलिंग की रफ्तार कम हो गई है। यही कारण है कि संक्रमण की दर पहले 20 से नीचे तो अब 15 से नीचे आ गई है। पिछले 24 घंटे में जिले में 69 पॉजीटिव केस मिले हैं। जिसमे मेडिकल कॉलेज जबलपुर से मिली 10 मई की 150 सेम्पल की रिपोर्ट में 25 और रेपिड एंटीजन टेस्ट की 287 सेम्पल की रिपोर्ट में 44 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इस तरह 537 सेम्पल की रिपोर्ट में 69 लोग संक्रमण का शिकार हुए है। बताया जाता है कि अभी 1116 सेम्पल की रिपोर्ट आना बाकी है।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)